**प्रेस नोट-30**

**दिनांक 17.10.2026**

**सराहनीय कार्य जनपद अमेठी**

**"ऑपरेशन चक्रव्यूह" के तहत थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा चोरी की 01 साइकिल के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिहं के कुशल नेतृत्व में दिनांक 17.10.2026 को थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 160/26 धारा 303(2) बीएनएस से संबन्धित चोरी की 01 रेंजर साइकिल के साथ मोटरसाइकिल सवार 02 अभियुक्त 1.धर्मेन्द्र चौहान पुत्र जय नारायण चौहान निवासी किशनी थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष 2. छत्रपाल उर्फ छोटू पुत्र शिवमंगल सिंह राठौर निवासी इटैली थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा न सके।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने चोरी की साइकिल के बारे में बताया कि यह साइकिल दिनांक 15.10.2026 को हम दोनों लोग एक अन्य साथी अमर चौहान पुत्र रामू निवासी ग्राम किशनी थाना बाजारशुक्ल के साथ मिलकर थौरी बाजार से चुराकर अपनी इसी मोटरसाइकिल रखकर चले गए थे। बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–**

1. धर्मेन्द्र चौहान पुत्र जय नारायण चौहान निवासी किशनी थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष।
2. छत्रपाल उर्फ छोटू पुत्र शिवमंगल सिंह राठौर निवासी इटैली थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 19 वर्ष।

**बरामदगी-**

- चोरी की 01 साइकिल।

**पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-**

- मु0अ0सं0 160/26 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी।
- 01 मोटरसाइकिल हीरो स्पलेण्डर प्लस सं0 UP 36 R 8151( धारा 207 एमवी एक्ट)।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 संतलाल भार्गव थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी।
2. का0 सौरभ वर्मा थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी।
3. का0 शिवम गौतम थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी।